## आकाशवाणी गोरखपुर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक–**23 अप्रैल** 2026 **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक। पच्चीस अप्रैल से प्रस्तावित होमगार्ड्स भर्ती परीक्षा की तैयारियों को लेकर अधिकारियों को दिए विस्तृत दिशा–निर्देश।
- मुख्यमंत्री ने गोरखपुर में नारी शक्ति वंदन सम्मेलन में लिया हिस्सा। कहा–महिलाओं को नेतृत्व का अधिकार नहीं देना चाहती हैं विपक्षी पार्टियां।
- केन्द्र सरकार ने अधिसूचित किया ऑनलाइन गेमिंग नियम दो हजार छब्बीस । पहली मई से प्रभावी होगा यह नियम।
- मिर्जापुर में अनियंत्रित ट्रक से हुए हादसे में ग्यारह लोगों की मौत।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल रात गोरखपुर से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने उत्तर प्रदेश होमगार्ड्स भर्ती परीक्षा, स्मार्ट मीटर, पेट्रोलियम उत्पादों की उपलब्धता और प्रदेश की कानून–व्यवस्था सहित विभिन्न विषयों पर समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने पच्चीस से लेकर सत्ताईस अप्रैल तक प्रस्तावित होमगार्ड्स भर्ती परीक्षा की तैयारियों, जनसुविधाओं एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अधिकारियों को विस्तृत दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परीक्षा की शुचिता एवं गोपनीयता में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी पर कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। प्रदेश में पेट्रोलियम उत्पादों की उपलब्धता की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आपूर्ति एवं वितरण पूरी तरह सामान्य है। उन्होंने नेपाल सीमा से सटे जिलों में कालाबाजारी एवं जमाखोरी पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करने पर जोर दिया। बैठक के दौरान स्मार्ट मीटर से जुड़ी आशंकाओं के बारे में चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इनके समाधान के लिए गठित विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट शीघ्र मिल जाएगी। उन्होंने सभी जिलों में फीडर–वार विशेष शिविर आयोजित कर उपभोक्ताओं की शिकायतों के त्वरित समाधान के भी निर्देश दिए।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल गोरखपुर शहर के योगिराज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में आयोजित नारी शक्ति वंदन सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने नारी शक्ति वंदन संशोधन विधेयक को पारित न होने पर सभी विपक्षी दलों पर निशाना साधा। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि विपक्षी पार्टियां महिलाओं को नेतृत्व का अधिकार नहीं देना चाहती हैं। अपने सम्बोधन में उन्होंने नारी सशक्तिकरण के लिए केन्द्र और प्रदेश सरकार के प्रयासों के बारे में चर्चा की।

**जब प्रदेश में हमारी सरकार बनी, तो प्रधानमंत्री जी ने सबसे पहली बात यही कही, कहा कि देखिए महिला और पुरुष का जो अनुपात में भिन्नता है, इसको नियंत्रित करना है। भ्रूण हत्या अभिशाप है, इसको रोका जाना है। हमें इस बात को ध्यान में रखना होगा कि हमें बाल विवाह भी नहीं होने देना है। और आप देखिए, उसके बाद फिर हम लोगों ने उत्तर प्रदेश में पहले मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजनाश चलाई। बेटी के जन्म लेने से लेकर के स्नातक तक की पढ़ाई के लिए 25,000 का पैकेज राज्य सरकार दे रही है और मुझे बताते हुए प्रसन्नता है कि 26 लाख बेटियां वर्तमान में इस योजना का लाभ प्रदेश में ले रही हैं।**

**********

केंद्रीय विधि और न्याय राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कल वाराणसी में नारी शक्ति वंदन संशोधन विधेयक को लेकर पत्रकार वार्ता की। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस अधिनियम को रोक कर विपक्ष ने देश की महिलाओं के साथ छल किया है। उन्होंने बताया कि सरकार ने महिलाओं को तैंतीस प्रतिशत आरक्षण देने के लिए लोकसभा में सीटों को बढ़ाकर आठ सौ पन्द्रह करने का प्रस्ताव रखा था। विपक्षी दलों की सहमति न बन पाने के कारण राजनीति में महिलाओं की भागीदारी सशक्त करने की प्रक्रिया फिलहाल अधूरी रह गई। इस बीच, महिला आरक्षण बिल पास ना होने के विरोध में वाराणसी, हापुड़, मुजफ्फरनगर सहित कई अन्य जिलों में भाजपा महिला मोर्चा द्वारा कल भी जनआक्रोश महिला पदयात्रा निकाली गयी।

**********

प्रदेश के अलीगढ़ स्थित शेखा झील पक्षी अभयारण्य को रामसर स्थल घोषित किया गया है। यह जानकारी केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर दी। उन्होंने बताया कि भारत में ऐसे अभयारण्यों की कुल संख्या निन्यानवे और राज्य में बारह हो गई है। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि इस घोषणा से स्थानीय आजीविका और वैश्विक जैव विविधता के साथ–साथ जल और जलवायु सुरक्षा को भी बढ़ावा मिलेगा।

**********

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद यूपी बोर्ड का हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम आज शाम चार बजे घोषित किया जायेगा। परिषद के सचिव भगवती सिंह ने बताया कि छात्र अपना परीक्षाफल उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की आधिकारिक वेबसाइट और डिजिलॉकर पर देख सकते हैं।

**********

केन्द्र सरकार ने कल ऑनलाइन गेमिंग के प्रचार और विनियमन संबंधी नियम –दो हजार छब्बीस को अधिसूचित कर दिया। यह पहली मई से लागू होगा। एक रिपोर्ट–

**इन नियमों का उद्देश्य एक स्पष्ट, पारदर्शी और समयदृबद्ध तंत्र प्रदान करना है, जिससे यह निर्धारित किया जा सके कि कोई ऑनलाइन गेम, मनी गेम है या ऑनलाइन सोशल गेम या ई–स्पोर्ट है। ये नियम ऑनलाइन गेम सेवा प्रदाताओं के लिए अनिवार्य उपयोगकर्ता सुरक्षा सुविधाएं, शिकायत निवारण और पारदर्शिता से सम्बंधित दायित्व भी निर्धारित करेंगे। ये नियम जाँच की प्रक्रिया और सिविल दण्ड लगाने की प्रक्रिया को भी निर्धारित करेंगे। ये जवाबदेही, निष्पक्षता और प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के पालन को सुनिश्चित करने के लिए एक अपीलीय तंत्र भी प्रदान करेगा। इन नियमों के तहत, एक ऑन लाइन गेम प्राधिकरण स्थापित किया जाएगा, जो इस क्षेत्र के लिए एक एकीकृत, डिजिटल–प्रथम नियामक होगा। सकलेन अखतर अकाशवाणी समाचार दिल्ली।**

**********

केन्द्र सरकार ने प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के पात्रता मानदंडों का विस्तार करते हुए इसमें स्नातक और स्नातकोत्तर के अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को भी शामिल किया है। इसके तहत अट्‌ठारह से पचीस वर्ष की आयु के अंतिम वर्ष के विद्यार्थी भी अब शीर्ष कंपनियों में पेड इंटर्नशिप के लिए आवेदन कर सकते हैं। विद्यार्थियों को आवेदन के लिए शिक्षण संस्थानों से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

**********

सुल्तानपुर में पूर्वांचल एक्सप्रेस–वे पर भारतीय वायु सेना ने कल अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन किया। इस अभ्यास का उद्देश्य आपातकालीन स्थितियों में हाईवे को रनवे के रूप में उपयोग करने की क्षमता को परखना है। वायु सेना मध्य कमान के जनसंपर्क अधिकारी विंग कमांडर देवार्थो धर ने बताया कि इस एयर शो में सुखोई, जगुआर, मिराज जैसे फाइटर जेट्स ने हिस्सा लिया।

**इमरजेंसी लैंडिंग फैसिलिटी जो एक्टिवेट हुई थी, इसमें भारतीय वायु सेना के फाइटर ट्रांसपोर्ट और हेलीकॉप्टर्स जो हैं यहां पर टच एंड गो एंड लैंडिंग किया था। फाइटर्स में मिराज 2000, सुखोई 30 के आई और जगुआर एयरक्राफ्ट थे। ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट में सी एंड 295 और ।एएन 32 थे और हेलीकॉप्टर्स में एमाई 17 वी 5 हेलीकॉप्टर्स ने यहां पर स्लिदरिंग ऑपरेशंस किया करोड़ कमांडो के साथ।**

**********

मिर्जापुर जिले के ड्रमण्डगंज थाना क्षेत्र में बड़का घुमान के पास कल देर शाम एक अनियंत्रित ट्रक की तीन अलग–अलग गाड़ियों से हुई टक्कर में ग्यारह लोगों की मौत हो गई। हमारे मिर्जापुर प्रतिनिधि ने बताया कि ट्रक की टक्कर से एक गाड़ी में आग लग जाने से उसमें सवार करीब नौ लोग जिंदा जल गए। वहां की पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने बताया कि फायर बिग्रेड की मदद से आग पर काबू पाया जा सका।

**शाम लगभग 8:30 के आसपास एक सूचना प्राप्त हुई कि जो ड्रमंडगंज घाटी से नीचे उतरने का रास्ता है, जिसको भैसोड़ा इलाका बोला जाता है, वहां से गाड़ी उतरते टाइम एक्सीडेंट होने की सूचना प्राप्त हुई। मौके पर जो जानकारी प्राप्त हुई, उसमें पता लगा कि एक ट्रक पीछे से आ रहा था। उसने ब्रेक फेल होने के कारण संभवतः उसने टक्कर मारते हुए वो आगे गया है। और उस टक्कर से एक अन्य ट्रक में उसने टक्कर मारी, एक अल्टो गाड़ी दो ट्रक के बीच में फंस गई और एक अन्य गाड़ी जो बोलेरो गाड़ी थी, उसको भी जब टक्कर लगी तो उसमें आग लग गई। इस सूचना पर तत्काल जो पुलिस की टीमें हैं और जो फायर ब्रिगेड की टीम है, वो मौके पर पहुंची। इसमें अभी तक 11 लोगों के मृत्यु होने की सूचना प्राप्त हुई है।**

**********

आईपीएल क्रिकेट में कल लखनऊ के अटल बिहारी बाजपेयी इकाना स्टेडियम में लखनऊ सुपरजायंट्स को राजस्थान रॉयल्स से हार का सामना करना पड़ा। लखनऊ सुपरजायंट्स की टीम ने टास जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया है। राजस्थान रॉयल्स की टीम ने निर्धारित बीस ओवरों में छह विकट खोकर एक सौ उनसठ रन बनाए। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी लखनऊ सुपरजायंट्स की टीम अट्‌ठारह ओवरों में एक सौ उन्नीस रनों पर ही सिमट गयी।

**********